## एक नजर में

### पुलिस नहीं सुने तो क्यूआर कोड करें स्कैन




**बुरहानपुर में अधिकारियों से सीधे कर सकेंगे बात एसपी ने की शुरूआत**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले के सभी थानों और चौकियों में गुरुवार से क्यूआर कोड स्कैन व्यवस्था लागू कर दी गई है। इस नई प्रणाली के तहतए यदि किसी पीड़ित की शिकायत पर थाने में सुनवाई नहीं होती हैए तो वह मौके पर ही क्यूआर कोड स्कैन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा। यह शिकायत सीधे पुलिस अधीक्षक ;एसपी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ,एएसपी,नगर पुलिस अधीक्षक,सीएसपी और संबंधित थाना प्रभारियों तक पहुंचेगी। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी स्वयं पीड़ित को फोन करके सुनवाई के लिए बुलाएंगे।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य थानों में आने वाले आवेदकों की सही तरीके से सुनवाई सुनिश्चित करना और पुलिस प्रशासन की जवाबदेही बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के उन आवेदकों को भी शिकायत दर्ज कराने में आसानी होगीए जो अक्सर एसपी कार्यालय तक नहीं पहुंच पाते।

आवेदक क्यूआर कोड स्कैन करके अपना नामए मोबाइल नंबर और समस्या बता सकेंगे। पुलिस कंट्रोल रूम से भी उन्हें कॉल आएगा और संबंधित थाना प्रभारी व्यक्तिगत रूप से शिकायत पर ध्यान देंगे। इस प्रणाली में वीडियो कॉल की सुविधा भी है और शिकायत का डेटा रिकॉर्ड के रूप में सुरक्षित रहेगा,जिससे अधिक शिकायतों वाले क्षेत्रों की पहचान की जा सकेगी। एसपी बागरी ने बताया कि यह व्यवस्था पहले गणेश पंडालों में लागू की गई थीए जिसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा था। अब इसे और अधिक अपडेट करके सभी थानों में लागू किया गया है।

### सेवा सदन महाविद्यालय के एमएससी गणित प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम



1st आस्था किर्तने | 2nd एकता तायडे | 3rd पूजा पाटिल

**बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय के एम.एस.सी. (गणित) प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें कु. आस्था किर्तने ने 7.95 एसजीपीए अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। कु. एकता तायडे ने 7.64 एसजीपीए अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं कु. पूजा पाटिल ने 7.50 एसजीपीए अंकों के साथ तृतीय स्थान अर्जित कर महाविद्यालय एवं बुरहानपुर जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि हमारे विद्वान गुरूजनों का यथोचित मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व महाविद्यालय में उपलब्ध उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवाओं का ही परिणाम है कि महाविद्यालय के विद्यार्थी अपना उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल कर महाविद्यालय एवं माता-पिता का नाम गौरवान्वित करते रहे है। समिति सचिव हसमुखलाल जरीवाला, प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील, विभागाध्यक्ष डॉ. हर्षद दीक्षित, डॉ. रूपाली श्रॉफ प्रो. सुजीत पटेल एवं प्रो. कृष्णा बारी सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ ने इस उत्कृष्ट सफ्लता पर विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### बंदूक छोड़ कलम और रोजगार थामेंगे युवा, सिकलीगर समाज को मुख्यधारा में लाने की परिवर्तन मुहिम



**बुरहानपुर।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा बुरहानपुर के सिकलीगर समाज के उत्थान, युवाओं को अपराध के दलदल से बाहर निकालने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक अत्यंत संवेदनशील और प्रभावी कार्ययोजना का संचालन किया जा रहा है। श्रीमान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के कुशल निर्देशन मे पुलिस अवैध हथियारो की रोकथाम एवं जागरुकता के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।जिसमे श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी निर्भयसिंह अलावा के सतत् पर्यवेक्षण में पुलिस न केवल अवैध हथियारों के नेटवर्क को नाकाम कर रही हैए बल्कि समाज के बीच जाकर शिक्षाए जागरूकता और स्वरोजगार के नए द्वार भी खोल रही है।

**चौपाल से बदलाव:-** स्कूल, गुरुद्वारा,थाना परिसर और सीधे ग्राम पाचोरी में पुलिस व समाज की निरंतर संयुक्त बैठकें कर युवाओं को अपराध का रास्ता छुड़वाकर शासकीय योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसरों से जोड़ने का सफ्ल प्रयास किया जा रहा है ।इस अभियान के तहत 04 युवाओं को जिओ कंपनी में रोजगार दिलवाया गया एवं अन्य युवाओं के लिए उनके पढ़ाईए डिप्लोमा अनुसार रोजगार के प्रयास जारी है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशानुसार खकनार थाना प्रभारी अभिषेक जाधव एवं उनकी टीम ने एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है। जिनके द्वारा बैठकों में शासन की विभिन्न कल्याणकारी और स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

**रिकॉर्ड तोड़ कार्यवाही से टूटी अपराधियों की कमर:-** संवाद के साथ.साथ अपराधियों के खिलाफजीरो.टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए खकनार पुलिस ने पिछले दो वर्षों में बड़ी सफ्लता हासिल की है। वर्ष 2024 से 2026 के मध्य की गई सख्त घेराबंदी के परिणामस्वरूप रिकॉर्ड 27 मामले दर्ज किए गएए जिनमें 66 आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। मौके से 151 अवैध देशी हस्तनिर्मित पिस्टल और फैक्ट्रियों को संचालित करने वाली भारी सामग्री जब्त की गई। यह कार्यवाही पिछले दो दशकों में बुरहानपुर पुलिस की सबसे बड़ी और प्रभावी कार्यवाही रही है। इस अभियान को सफ्ल बनाने में थाना प्रभारी खकनारए निरीक्षक अभिषेक जाधवए एवं उनकी संपूर्ण टीम की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।

### अजाक छात्रावास के समीप शराब की दुकान

**बुरहानपुर।** जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम फतेपुर में संचालित शराब ठेका की दुकान को आदिमजाति कल्याण विभाग के छात्रावास के समीप खोले जाने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है ।मामले की शिकायत कलेक्टर से ग्राम के पूर्व उपसरपंच तोताराम खंडेराव ने की जिसमें मांग की है कि बच्चों के छात्रावास के पास से शराब दुकान हटाई जाए वरना ग्रामीणजन आंदोलन करेंगे। वर्तमान सत्र में 2026में शराब ठेका होने के बाद देशी विदेशी कंपोजिट शराब ठेकेदार जितेंद्र वास्कले द्वारा आदिमजाति विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावास के समीप ही शराब दुकान खोल दी गई। जिससे बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत असर पढ़ रहा है ।

# सबूत छिपाने के लिए शमशान में गाड़ा शव, एक बालक सहित तीन गिरफ्तार

**बुरहानपुर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी का चंद घंटों में ही खुलासा**






**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अंधे कत्ल की गुत्थी बुरहानपुर पुलिस की सक्रियता के कारण चंद घंटों में ही सुलझ गई है। पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी करने में सफलता प्राप्त की है।

जानकारी अनुसार एसपी आशुतोष बागरी के कुशल निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के नेतृत्व में थाना शिकारपुरा पुलिस ने तत्परता और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से महज कुछ ही घंटों के भीतर एक अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाते हुए एक विधि विरुध्द बालक और दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफ्लता हासिल की है। जिन्होंने अपने ही दोस्त की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसकी लाश को ताप्ती नदी के किनारे शमशान घाट में गाड़ दिया था।

थाना शिकारपुरा में मृतक चेतन पिता सोहनलाल बेनीवाल निवासी बलवाड़ टेकरी, जैनाबाद की गुमशुदगी के संबंध में केस दर्ज कर जांच की जा रही थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी बागरी द्वारा तत्काल टीम गठित कर तकनीकी एवं व्यावहारिक साक्ष्य जुटाने के निर्देश दिए गए थे। जांच के दौरान मृतक के परिजनों के बयानों और संदेही दोस्तों की गतिविधियों पर पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने बलवाड़ टेकरी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले तो सामने आया कि 18 मई की रात्रि करीब 21-27 बजे मृतक चेतन बेनीवाल नाबालिक दोस्त और शुभम सुनहरे के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर आहूखाना होते हुए शमशान घाट की तरफ जाता हुआ दिखाई दिया। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही विधि विरुध्द बालक और शुभम पिता सोहनलाल सुनहरे से पूछताछ की।


पूछताछ में बालक ने कुबूल किया कि पूर्व में मृतक ने ऐंसी घटना कारित की थी जिससे की विधि विरुध्द बालक को परिजन को खोना पड़ा था। इसी बदले की भावना से ग्रसित होकर आरोपियों ने चेतन को जान से मारने की योजना बनाई। 18 मई की रात विधि विरुध्द बालक और आरोपी शुभम, चेतन को ताप्ती नदी किनारे शौच के बहाने ले गए, जहां उसकी बेरहमी से हत्या कर दी और अन्य आरोपी शांतिलाल की मदद से शव को छुपाने की नियत से गड्ढा खोदकर गाड़ दिया।

आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर थाना प्रभारी शिकारपुरा पुलिस बल और पंचांन को लेकर ताप्ती नदी किनारे मसान घाट पहुंचे। एसडीएम बुरहानपुर से अनुमति प्राप्त कर उनकी उपस्थिति में चिन्हित स्थान पर खुदाई कराई गई, जहां से मृतक चेतन का शव बरामद हुआ। मृतक के भाई कालू और शेरा बेनीवाल ने कपड़ों व कद-काठी आदि से शव की शिनाख्त की।

आरोपियों का कृत्य गंभीर पाए जाने पर थाना शिकारपुरा में अपराध और साक्ष्य छुपाना के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों में शुभम पिता सोहनलाल सुनहरे (18) निवासी ग्राम बलवा टेकरी जैनाबाद थाना शिकारपुरा जिला बुरहानपुर, शांतिलाल पिता भगवान दास चौहान (44) निवासी ग्राम बलवा टेकरी जैनाबाद बुरहानपुर हैं। आरोपियों को पकड़ने में टीआई संदीप चौरसिया, उनि.अलीमउद्दीन, सउनि.देवेन्द्र पाटिल, सउनि.संजीव पगारे, सउनि.पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, प्रआर. रफीक खान, विजय पाटीदार, संजय कपोले, सचिन मिश्रा, अमोल देशमुख, विनोद पाटिल,दीपेन्द्र तंवर,आरक्षक विजय बड़कारे,राहुल सारासर,गणेश तंवर और सुनील पाटीदार की भूमिका रही।

## शतरंज चैंपियनशिप 6-7 जून को

**6 .50 लाख की पुरस्कार राशि के साथ खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिला बुरहानपुर शतरंज संघ के तत्वावधान में जिले में पहली बार फर्स्ट बुरहानपुर ओपन एफआयडीई रैपिड रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप.2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 6 एवं 7 जून,2026 को उत्सव होटल एंड रिसॉर्ट्स, बहादरपुर रोड, बुरहानपुर में आयोजित होगी।

लोक सेवा केन्द्र प्रबंधक एवं संयोजक श्री मनोज शंखपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री हर्ष सिंह है। आयोजित प्रतियोगिता 20 मिनट. 10 सेकंड के समय नियंत्रण प्रारूप में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में ?6 लाख 50 हजार का आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जो खिलाड़ियों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी। प्रतियोगिता के आयोजन से जिले के शतरंज खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ईच्छुक व्यक्ति रजिस्ट्रेशन लिंक 50527 के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते है। ओपन एवं मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के लिए प्रवेश शुल्क 1500 रूपये तथा बुरहानपुर जिले के खिलाड़ियों के लिए 600 रूपये निर्धारित किया गया है। वहीं टाइटल प्राप्त खिलाड़ियों के लिए प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। यह आयोजन जिले में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के साथ युवा खिलाड़ियों को शतरंज के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। प्रतियोगिता को लेकर जिले के खेल प्रेमियों एवं शतरंज खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है।

## मोबाइल पर मिलेगी महत्वपूर्ण सूचनाओं की जानकारी



**अब जिले की हर महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी सीधे मोबाइल पर**

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिलेवासियों को शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण एवं विश्वसनीय जानकारी त्वरित मिले। इस उद्देश्य से गुरूवार को कलेक्टर हर्ष सिंह ने जनसंपर्क विभाग बुरहानपुर के आधिकारिक चैनल का शुभारंभ किया।

कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों और जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में चैनल से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण एवं प्रमाणिक जानकारियां सीधे नागरिकों के मोबाइल तक पहुंच सकेंगी, जिससे आमजन को समय पर सही जानकारी प्राप्त होगी। कलेक्टर सिंह ने कहा कि चैनल की विशेषता यह है कि यहां केवल आधिकारिक एवं प्रमाणिक जानकारी साझा की जाएगीए जिससे नागरिक फेक न्यूज एवं भ्रामक खबरों से सुरक्षित रह सकेंगे।

**जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश ने तैयार कराया है व्हाट्स एप चैनल:** जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रत्येक जिले का आधिकारिक वाट्स एप चैनल तैयार कराया गया है, ताकि सरकारी योजनाओं, प्रशासनिक गतिविधियों एवं जनहितकारी सूचनाओं का त्वरित प्रसार किया जा सके। इस चैनल के माध्यम से जिले की प्रमुख प्रशासनिक गतिविधियां, शासकीय आदेश, जनहितकारी योजनाएं, भर्ती संबंधी सूचनाएं, अभियान, उपलब्धियां एवं अन्य महत्वपूर्ण अपडेट सीधे आमजनों तक पहुंचाएं जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश पहले से ही एक्स, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से आमजन तक शासन की योजनाओंए उपलब्धियों और महत्वपूर्ण सूचनाओं का प्रसार कर रहा है।

### जिला अस्पताल में तीन शिफ्ट में होगी डायलिसिस

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिला अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आज,गुरुवार से डायलिसिस सेवाएं अब तीन शिफ्ट में संचालित की जाएंगी। पहले ये सेवाएं केवल दो शिफ्ट में उपलब्ध थीं।

सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ.दर्पण टोके ने बताया कि मरीजों की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस नई व्यवस्था से अब अधिक संख्या में मरीजों को समय पर डायलिसिस सुविधा मिल सकेगी। इस कदम से मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगे खर्च पर डायलिसिस करवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें सरकारी अस्पताल में ही नि: शुल्क और सुलभ उपचार प्राप्त होगा।

अस्पताल प्रबंधन ने सभी डायलिसिस मरीजों और उनके परिजनों से अपील की कि वे अपनी डायलिसिस के लिए आवश्यक दस्तावेज और पंजीयन नंबर डायलिसिस विभाग में जमा करवाएं। इससे उन्हें शासन की नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। सिविल सर्जन ने जोर देकर कहा कि जिला चिकित्सालय प्रशासन मरीजों को बेहतर और सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

## वाह जिंदगी वाह -जीवन प्रबंधन : भगवान को महसूस करो, सिर्फ मानो नहीं : गिरीश





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** वाह जिंदगी वाह - जीवन प्रबंधन विचार माला के पांचवें दिन प्रो.ई.वी.गिरीश ने कहा कि परमात्मा भगवान को महसूस करना है या भगवान को सिर्फ मानना है। मनुष्य जीविन में जो मनुष्य अनुभव करता है, महसूस, मिस करता है, उसकी जो ऑथोरिटी होती है, वह जानकारी या ज्ञान की ऑथोरिटी से कई गुना ज्यादा होती है।

आज मनुष्य भगवान को ढूंढने में, जानने में और पहचानने में, उसकी वास्तविकता और यथार्थता में अपना परिश्रम करता है। क्या हम भगवान को महसूस कर सकते हैं,जैसे कि कल हमने चर्चा की थी कि संबंधों में मधुरता के लिए सुख, शांति और आनंद को दूसरों को देना आना चाहिए। जब तक हम दूसरों से अपेक्षा करते रहेंगे, चाहत रखेंगे, चाहिए.चाहिए_ करते रहेंगे, तब तक संबंधों में मधुरता नहीं आ सकती।

हम सोचते हैं कि मुझे कोई प्यार करे, कोई मुझे सम्मान दे,कोई मुझे समझे, सामने वाला हर चीज मेरे लिए करे। इस वजह से और अगर सामने वाला वैसा नहीं कर पाता है, तो हमें दु:ख होता है। फ्रि हम उनसे झगड़ा करते हैं, गुस्सा आता है और बहुत सारी बातें होती हैं। संबंधों में मधुरता लाने के लिए परमात्मा से शक्तिया लेकर उसे जीविन में अनुभव करना और अपनी आत्मा की बैटरी को सुख,शांति, आनंद और शक्ति से भरपूर करना आवश्यक है। इसके बाद इसके बाद व्यवहारिक जीविन में जो भी हमसे मिले, लौकिक समाज में, उन सबको हमें देना है।

परमात्मा से वे शक्तिया लेने के लिए परमात्मा के साथ संबंध जोड़ना होगा। जैसा कि गीता में लिखा है। यदा यदा ही धमर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभी भारत का वही समय चल रहा है, मनुष्य अपने स्वधर्म से भटक चुका है। ऐसे वक्त पर परमात्मा निराकार ज्योति स्वरुप इस धरती पर आकर हम बच्चों को अपना परिचय देते हैं और कहते हैं कि ष्मुझसे यथार्थ संबंध से अगर आप याद करते हैं, तो वह सब शक्तियों की प्राप्ति हो जाती है और हमारे अंदर वह दिव्यता आ जाती है। इसलिए हम शिवरात्रि मानते हैं । रात्रि वह अंधकार का समय है जहां मनुष्य भटक रहा है, धक्के खा रहा है और दर्द में है। ऐसे समय पर प्रकाश लाने के लिए, ज्ञान का प्रकाश लाने के लिए शिव इस धरती पर अवतरित होकर एक नई सृष्टि की रचना का कार्य कर रहे हैं। परमात्मा के बारे में विस्तृत रूप से हम इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में महापौर माधुरी अतुल पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव द्वारा गिरीश भाई एवं मंगल दीदी का शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया तथा आग्रह किया कि बुरहानपुर आकर हमें इसी प्रकार आध्यात्मिक ज्ञान और ऊर्जा से भरपूर करते रहे।

विशेष निमंत्रण देते हुए टीवी गिरीश भाई ने कहा कि इस सब की विस्तृत जानकारी ब्रह्माकुमारीज के 7 क्ंले ब्वनतेम मैं प्राप्त की जा सकती है आप सभी से विनम्र निवेदन है कि समय निकालकर प्रतिदिन आधा या एक घंटा हमारे सेवा केंद्र में आए और यहां 7 दोनों का बेसिक कोर्स अवश्य करें। परमात्मा के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त करें ।उनके साथ संबंध जोड़ और परमात्मा पिता से जो हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है उसे प्राप्त करें वाहन सुख शांति और सकारात्मकता का अधिकार सभी का है उसे प्राप्त कर अपने जीवन में पल पल अनुभव करें ऐसी हमारी आप सबके प्रति मंगल कामना है।

### अवैध नल कनेक्शन नगर निगम ने किए बंद

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर निगम ने शहर अवैध नल कनेक्शन काटने एंड कैंपिंग कार्य के लिए अभियान चलाया है ।नगर निगम द्वारा अवैध नल कनेक्शन काटने,ऐड केपिंग डिस्कनेक्शन और पानी की बर्बादी रोकने की कार्रवाई पूरे वार्डो में चल रही है। गंभीर जल संकट के कारण अवैध रूप से सीधे पाइपलाइन में मोटर लगाकर पानी खींचने वालों और बिना टैक्स दिए पानी का इस्तेमाल करने वालों पर सख्ती बरती जा रही हैं। नगर निगम की टीम द्वारा अलग.अलग वार्डों में कर्मचारियों ने अवैध नल कनेक्शन काटे गए एवं 208 नल कनेक्शन की एंड कैंपिंग की गई।



निगम आयुक्त ने कहा कि इस प्रकार के सभी वार्डों के पंप ऑपरेटर खुले नल कनेक्शन में ऐड कैपिंग का कार्य कर रहे हैं शहर में लगभग 300 घरों के खुले नल कनेक्शन पर कार्रवाई की जा रही हैबिना मीटर और बिना टैक्स के पानी का उपयोग करने वाले अवैध कनेक्शनों को तुरंत काटने और पानी की बर्बादी व मोटर लगाने वालों पर स्पॉट फाइन लगाने की विशेष कार्रवाई शुरू की गई है नगर निगम द्वारा जल संकट के बीच व्यापक अभियान चलाया गया है, जिसके तहत अवैध कनेक्शन काटने के साथ.साथ भारी जुर्माने की कार्रवाई भी की जा रही है। बकाएदारों और अवैध कनेक्शन धारकों के खिलाफ वसूली और कनेक्शन काटने की सघन कार्रवाई की जा रही है।

जल विभाग टीम द्वारा शहर में 208 स्थानों पर खुले नल कनेक्शन में एंड कैंपिंग का कार्य किया गया जिसमें जाकिर हुसैन वार्ड,तिलक वार्ड शास्त्री वार्ड, जयस्तंभ वार्ड,खानका वार्ड, शिकारपुरा वार्ड में निगम कर्मचारी आनंद प्रशांत सोनटके जमीरउद्दीन आकाश, सुल्तान अहमद द्वारा खुले नल कनेक्शन को एंड कैंपिंग का कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार सभी वार्डो के पंप ऑपरेटर द्वारा खुले नल कनेक्शन में एंड कैंपिंग का कार्य किया जा रहा है निगम प्रशासन गर्मी के मौसम को देखते हुए अवैध कनेक्शनों पर नकल कसने के लिए कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू,सहायक यंत्री अशोक पाटिल,उप यंत्री सुनील चौहान ,संतोष सुखदाने आदि निगम कर्मचारी मौजूद थे

**एक नजर** — **जनहित से जुड़े विषयों पर विधायक ने की व्यापक समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश भी**

# अर्चना चिटनिस की अध्यक्षता में सरकारी उपक्रम समिति की हुई महत्वपूर्ण बैठक



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विधायक एवं सरकारी उपक्रम समिति की सभापति अर्चना चिटनिस की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश विधानसभा की ष्सरकारी उपक्रम समितिष् की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सरकारी उपक्रमों से जुड़े लंबित प्रकरणों, प्रशासनिक कार्यप्रणाली, वित्तीय पारदर्शिता एवं जनहित से संबंधित विभिन्न विषयों पर गंभीर, विस्तृत और सार्थक मीटिंग की गई।

समिति की सभापति के रूप में अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी उपक्रमों की कार्यशैली जनता के विश्वास के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह एवं परिणामोन्मुख होना चाहिए।

बैठक में समिति के माननीय सदस्य विधायक कुंवर सिंह टेकाम, अशोक रोहाणी, फूल सिंह बरैया, नितेन्द्र सिंह राठौर एवं केशव देसाई ने सहभागिता करते हुए विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए। समिति द्वारा सरकारी उपक्रमों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों से जवाब.तलब किया गया तथा जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।

समिति की सभापति श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मध्यप्रदेश के विकास एवं सुशासन की दृष्टि से सरकारी उपक्रमों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करानेए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संसाधनों के पारदर्शी उपयोग को सुनिश्चित करना समिति की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों में गुणवत्ता एवं जवाबदेही बनाए रखी जाए।

बैठक के दौरान प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने, वित्तीय अनुशासन सुदृढ़ करने तथा सरकारी उपक्रमों को अधिक जनोन्मुख बनाने पर विशेष जोर दिया गया। समिति ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा जनता के हितों से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के नेतृत्व में समिति द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों को मध्यप्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।